ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा - 11 **सत्र 2 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

अपठित बोध

प्रश्न 1 निम्न गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

मैं जिस समाज की कल्पना करता हूँ, उसमें गृहस्थ संन्यासी और संन्यासी गृहस्थ होंगे अर्थात् संन्यास और गृहस्थ के बीच वह दूरी नहीं रहेगी जो परंपरा से चलती आ रही है। संन्यासी उत्तम कोटि का मनुष्य होता है क्योंकि उसमें संचय की वृत्ति नहीं होती, लोभ और स्वार्थ नहीं होता। यही गुण गृहस्थ में भी होना चाहिए। संन्यासी भी वही श्रेष्ठ है जो समाज के लिए कुछ काम करे | ज्ञान और कर्म को भिन्न करोगे तो समाज में विषमता उत्पन्न होगी ही। मुख में कविता और करघे पर हाथ, यह आदर्श मुझे पसंद था। इसी की शिक्षा मैं दूसरों को भी देता हूँ और तुमने सुना है या नहीं कि नानक ने एक अमीर लड़के के हाथ से पानी पीना अस्वीकार कर दिया था। लोगों ने कहा- "गुरु जी, यह लड़का तो अत्यंत संभ्रांत कुल का है, इसके हाथ का पानी पीने में क्या दोष है?" नानक बोले- "लड़के की हथेली में मेहनत के निशान नहीं हैं। जिसके हाथ में मेहनत के ठेले नहीं पड़े उसके हाथ का पानी पीने में मैं दोष मानता हूँ।" नानक ठीक थे। श्रेष्ठ समाज वह है जिसके सदस्य जी खोलकर मेहनत करते हैं और तब भी जरूरत से ज्यादा धन पर अधिकार जमाने की उनकी इच्छा नहीं होती।

क) संन्यासी कैसा मनुष्य होता है?

(क) निम्न कोटि का (ख) विषम कोटि का

(ग) उच्च कोटि का (घ) सामान्य

ख) संन्यासी में क्या - क्या नहीं होता ?

(क) लोभ (ख) स्वार्थ

(ग) संचय की वृत्ति (घ) लोभ, स्वार्थ व संचय की वृत्ति

ग) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए |

घ) एक संन्यासी में कौन-कौन से गुण होते हैं ?

ङ) नानक ने लड़के के हाथ से पानी क्यों नहीं पिया ?

प्रश्न 2 निम्न काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

हँस लो दो क्षण खुशी मिली गर
वरना जीवन-भर क्रंदन है।
किसका जीवन हँसी-खुशी में
इस दुनिया में रहकर बीता ?
सदा-सर्वदा संघर्षों को
इस दुनिया में किसने जीता ?
खिलता फूल म्लान हो जाता
हँसता-रोता चमन-चमन है।
कितने रोज चमकते तारे
कितने रह-रह गिर जाते हैं
हँसता शशि भी छिप जाता है
जब सावन घन घिर आते हैं।
उगता ढलता रहता सूरज
जिसका साक्षी नीलगगन है |

क) कविता के अनुसार जीवन किससे भरा है ?

अ) ख़ुशी से आ) आपदाओं से इ) सुख से ई) गरीबी से

ख) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |

ग) कवि दो क्षण के लिए मिली ख़ुशी पर हँसने के लिए क्यों कह रहा है ?

घ) कविता में संसार की किस वास्तविकता को दर्शाया गया है ?

ङ) धरती का कण-कण कौन-सी गाथा सुना रहा है ?

खंड ख (अभिव्यक्ति और माध्यम)

प्रश्न 3 संचार से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 4 डायरी लेखन क्या है ?

प्रश्न 5 नाटक का विकास लीनियर क्यों होता है ?

प्रश्न 6 गृह मंत्रालय, पश्चिम बंगाल, कोलकाता की ओर से उपायुक्त, चौबीस परगना को एक अनुस्मारक लिखिए जिसमें वहाँ रह रहे बाहरी व्यक्तियों के बारे में वांछित सूचना शीघ्र भेजने का वर्णन हो ।

प्रश्न 7 'परीक्षा का कमरा' विषय पर दृश्य लेखन कीजिए ।

प्रश्न 8 खाद्य संभरण अधिकारी को पत्र लिखिए जिसमें राशन की सरकारी

दुकान पर कम राशन दिए जाने की शिकायत की गई हो ।

प्रश्न 9 पत्रकारिता के प्रकार लिखिए |

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 10 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए 5

गूँगा चुप हो गया। उसने अपना सिर झुका लिया। चमेली एक बार क्रोध से काँप उठी देर तक उसकी ओर घूरती रही। सोचा - मारने से यह ठीक नहीं हो सकता। अपराध को स्वीकार कर दंड न देना ही शायद कुछ असर करे और फिर कौन मेरा अपना है। रहना हो ठीक से रहे नहीं तो फिर जाकर सड़क पर कुत्तों की तरह जूठन पर जिंदगी बिताए दर-दर अपमानित और लांछित ...।

प्रश्न 11 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए 5

कामिन को है बालम प्यारा ज्यों प्यासे को नीर रे ।
है कोई ऐसा पर-उपकारी पिवसों कहै सुनाय रे ।
अब तो बेहाल कबीर भयो है बिन देखे जीव जाय रे ।

प्रश्न 12 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1) ग्वाले रूठकर जहाँ-तहाँ क्यों बैठ गए ?
2) 'सपना' कविता क प्रतिपाद्य लिखिए ।
3) 'संध्या के बाद' कविता के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए ।
4) 'बादल को घिरते देखा है' कविता में चित्रित प्रकृति एवं जनजीवन का चित्रण अपने शब्दों में लिखिए ।
5) 'हस्तक्षेप' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।
6) 'घर में वापसी' कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।
7) हामिद का चिमटा रुसत्मे-हिन्द कैसे है ?
8) 'दोपहर का भोजन' कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए ।
9) पहला व्यक्ति अपनी टॉर्च किस प्रकार बेचता था ?
10) आधुनिक शिक्षा के बारे में फुले के विचार बताइए ।
11) मानो किसनी क्यों नहीं बनना चाहती थी ?
12) लाल के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?
13) गांधी जयंती पर मकबूल ने क्या किया ?
14) नाना के घर पहली बार आने पर शरत् के साथ कैसा सलूक किया गया ?